# कलैक्टर ने जालोर महोत्सव के आयोजन स्थल का जायजा लिया

**जालोर**, (कासं)। पर्यटन विभाग, जिला प्रशासन एवं जालोर विकास समिति के संयुक्त तत्वावधान में 15 फरवरी से आयोजित तीन दिवसीय जालोर महोत्सव में कला एवं संस्कृति का अनोखा संगम देखने को मिलेगा।

तीन दिन खेलकूद, सांस्कृतिक, संगीत, म्यूजिकल नाईट व मंनोरजन के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होगे। वही गुरूवार को जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गांवडे ने जालोर महोत्सव स्थल स्टेडियम मैदान पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

जालोर महोत्सव को लेकर स्टेडियम ग्राउण्ड में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता, शॉपिग मेला, सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित अन्य गतिविधियो का जायजा लेने जालोर महोत्सव कोर कमेटी के साथ जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गांवडे व एडीएम राजेश मेवाडा स्टेडियम ग्राउंड पहुंचे। जिला कलैक्टर ने मुख्य समन्वयक व एसडीएम मनोज कुमार चौधरी व समन्वयक रतन सुथार को निर्देशित किया कि जालोर महोत्सव में आमजन को किसी प्रकार से कोई परेशानी नही हो सका पुरा ख्याल रखे। साथ ही सभी कार्यक्रम समयवधि में पूर्ण करवाये। उन्होने आयोजन स्थल पर पानी, छाया, विधुत सहित अन्य समस्त सुविधाओ की माकूल व्यवस्था करने के निर्देश दिये। उन्होने आमजन से भी अपील की कि जालोर महोत्सव में समस्त जिले वासी अपनी सहभागिता निभाते हुए इस जालोर महोत्सव को सफल बनाये। इस दौरान जालोर विकास समिति के सचिव मोहन पाराशर, कोर कमेटी के नारायण लाल भट्ट, कानाराम परमार, हितेश प्रजापत, नितिन सोलंकी, सांस्कृतिक टीम के महेश भट्ट, रितु टॉक, खेलकूद प्रभारी अर्जुन सिंह देलदरी व इमरान खान उपस्थित रहे।

जालोर महोत्सव के समन्वयक रतन सुथार ने बताया कि जालोर महोत्सव 2025 में तीन दिन तक खेल, सांस्कृतिक, कला एवं संस्कृति, म्यूजिकल नाईट, शॉपिंग मेला सहित अन्य मनोरजंक कार्यक्रम आयोजित होगे। वही जालोर महोत्सव का आगाज 15 फरवरी को शोभायात्रा के साथ होगा। शोभायात्रा के बाद उदघाटन समारोह स्टेडियम प्रांगण में प्रातः 10 बजे होगे। उस दौरान जालोर महोत्सव में पहली बार एयर शो का आयोजन किया जायेगा। जिसमें विभिन्न प्रकार के विमान उडाए जायेगे। उदघाटन के बाद नटराज मंच पर सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन होगा। वही स्टेडियम मैदान में विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित होगी। शाम को स्टेडियम ग्राउण्ड में साफा बांधो प्रतियोगिता में भिन्न भिन्न प्रकार से साफा बांधते देखने का मौका मिलेगा। रात्रि करीब 8.30 बजे राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन होगा। जिसमें हास्य व्यंग्य के राष्ट्रीय कवि पदमश्री सुरेन्द्र दवे, इटावा उत्तर प्रदेश के कवि गौरव चैहान, जोधपुर के हास्य व्यंग्य के प्रसिद्व कवि व संचालक डॉ. राम अकेला, हास्य व व्यंग्य कवि व शायर दिल्ली के दीपक गुप्ता, आगरा की गीतकार रूचि चतुर्वेदी, शेखावटी के कवि विवके पारिक, मुंबई के हास्य व्यंग्य के कवि रोहित शर्मा व उदयपुर की नाजनीन अली नाज गजले व नज्मो से समा बांधेगी। वही सांस्कृतिक कार्यक्रम की श्रेणी में चित्रकला जूनियर (8 से 14 वर्ष तक), चित्रकला सीनियर (14 वर्ष से अधिक), फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता ( 8वर्ष से अधिक ), महेन्दी व साफा बांधो प्रतियागिता भी आयोजित होगी। चित्रकला प्रतियोगिता में आयोजन समिति की ओर से केवल चार्ट उपलब्ध करवाया जायेगा। इसके अतिरिक्त प्रतिभागी सम्बंधित सामग्री स्वयं लेकर आये। वही महेंदी प्रतियोगिता में प्रतिभागी संबंधित सामग्री स्वयं लेकर आयेगे।

वही 16 फरवरी को प्रातः 8.30 बजे हनुमानशाल स्कूल प्रांगण से रन फार जालोर दौड का आयोजन होगा। वही प्रातः 11 बजे केरियर गाइडेन्स, युवा काव्य प्रतियोगिता 11.30 बजे आयोजित होगी। जिसमें युवा अपने केरियर के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकेगे तथा युवा कवि अपनी कविताओं की प्रस्तुति देगे। शाम 3.30 बजे बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में जिले के युवा अपने शरीर शैष्ठ का प्रदर्शन करेगे। शाम 6.30 बजे स्टेडियम प्रांगण में पदमश्री व राष्ट्रपति से नारी शक्ति सम्मान से सम्मानित प्रसिद्व भजन व लोक गीतो की गायका बेगम बतुल लोक गीतो की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर देगी। वही 17 फरवरी को नटराज मंच पर दोपहर 12 बजे मिस व मिस्टर जालोर प्रतियोगिता का आयोजन होगा। शाम 6.30 बजे सांस्कृतिक कला परिषद उडीसा के सम्बलपुरी लोक नृत्य ग्रुप द्वारा लोक नृत्य की प्रस्तुति देगे। शाम करीब 4.30 बजे जालोर महोत्सव का समापन समारोह आयोजित होगा। इसके अलावा जालोर को जानो आनलाईन प्रतियोगिता, कला मण्डल में आर्ट एण्ड फोटो गैलेरी, आर्ट एण्ड क्राफट आकर्षक के केन्द्र रहेगे।

## बॉलीवुड नाईट में रिनी चन्द्रा, स्वागत राठौड की प्रस्तुति

जालोर महोत्सव में इस बार 16 व 17 फरवरी को दो दिन बॉलीवुड म्यूजिकल नाईट में देश के प्रसिद्व बालीवुड सितारे स्टेडियम प्रांगण में सुरो की सुरीली आवाज के जादू से हर किसी को झुमने पर मजबूर कर देगे। 16 फरवरी को रात्रि 8.30 बजे बालीवुड नाईट में स्वागत राठौड व पल्लवी दाभोलकर रॉक स्टार बालीवुड व विभिन्न प्रकार के गीतो को अपने सुरीले सुरो से गाकर बॉलीवुड नाईट में हर किसी को रोमांचित कर देगे। स्वागत राड्डौड एआर रहमान के संगीत प्रतियोगिता एआर रिविड के विजेता रहे है। वे अपने गीतो के माध्यम से इतिहास को भी रूबरू करवाते है। उनके साथ पल्लवी दाभोलकर रॉकस्टार हिपोप, हिन्दी सहित कई गीतो सुनाकर श्रोताओं को नाचने पर मजबूर कर देगी। वही 17 फरवरी की रात्रि 8.30 बजे बॉलीवुड म्यूजिकल नाईट में सारेगामा 2010 की फाईनलिस्ट रहे चुकी रिनी चन्द्रा व हनी ट्रोपर अपनी सुरीली आवाज का जादू बिखरेगे। रिनी चन्द्रा दुनिया भर में करीब एक हजार से अधिक शो में अपनी प्रस्तुति दे चुकी है। हाल में उन्होने अपने म्यूजिकल एलबम हरिया बाग, कुरजा, काजलिया, बारिशां, मिल जाना, ओ हम नवा, गढवाली लोक मैशप लॉकडायन सॉग, बाहर न जाना रिलीज हुए है। उनके ये एलबम गीत लोगो ने खूब सराहे है। उन्होने कई पंजाबी फिल्मो और सीरियल टाईटल और सिचुएशनल ट्रेक के लिए अपनी आवाज दी है। उनहोने कुछ टीवी सीरियल जैसे यम है, सिंहासन बत्तीसी और विध्नहर्ता गणेश में भी अभिनय किया है।

हनी ट्रोपर का नाम हनुमान सहाय शर्मा है तथा उन्होने बॉलीवुड में हरियाला बन्ना, बारिशां, बालमा, रामपीर, पल्लो लटके, पिया आओ तो, काजलिया, सहित कई राजस्थानी, पंजाबी व हिन्दी गीतो की प्रस्तुति दी है। रिनी चन्द्रा व हनी ट्रोपर बालीवुड लाईव फोक फयूजन म्यूजिकल गीतो की आकर्षक प्रस्तुति दी।

खेलकूद प्रतियोगिता की रहेगी धूम- जालोर महोत्सव में तीन दिन तक खेलकूद प्रतियोगिता की धुम रहेगी। खेलकूद प्रतियोगिता में खेलकूद प्रतियोगिता में वालीबॉल, कब्बड्डी, बास्केटबॉल, खो-खो, रस्सा कस्सी, सतोलिया, बैडमिंटन, रोलर स्केटिंग, युगल युवा दोड, सौ मीटर वॉक वरिष्ठ नागरिक, म्यूजिक चेयर व मटका दौड प्रतियोगिता का आयोजन होगा। जालोर महोत्सव को लेकर लोगों में उत्साह देखने को मिल रहा है।

# योजनाओं का आमजन को मिल रहा लाभ : जोगेश्वर गर्ग



जालोर शहर में सुन्देलाव तालाब की पाल वार्ड सं. 38 में नवनिर्मित आयुष्मान आरोग्य मंदिर के लोकार्पण कार्यक्रम को राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने सम्बोधित किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जालोर शहर में सुन्देलाव तालाब की पाल वार्ड सं. 38 में नवनिर्मित आयुष्मान आरोग्य मंदिर का लोकार्पण कार्यक्रम महंत पवनपुरी महाराज के पावन सानिध्य के साथ राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।

मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि जालोर शहर के वार्ड सं. 38 एवं आस-पास के निवासियों को चिकित्सीय सुविधाएँ आयुष्मान आरोग्य मंदिर में उपलब्ध होगी साथ ही गर्भवती महिलाओं, नवजात शिशुओं व छोटे बच्चों को घर के नजदीक ही टीकाकरण की सुविधा मिल सकेगी।

मुख्य सचेतक ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार की लोककल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुँच रहा हैं। गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी राज्य सरकार का बजट युवा, किसान व गरीब कल्याण को समर्पित होगा।

कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. भैराराम जाणी ने बताया कि नवनिर्मित शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर में ओपीडी सेवाएँ, मुख्यमंत्री निःशुल्क जांच योजना के तहत 8 प्रकार जांचे व मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना के तहत 329 प्रकार की दवाईयों की उपलब्धता के साथ ही आरसीएच सेवाएँ जैसे-किशोर स्वास्थ्य, मातृ स्वास्थ्य, टीकाकरण, शिशु स्वास्थ्य, परिवार कल्याण सेवाएँ, गैर संचारी रोग जैस-हाईपरटेंशन, डायबिटिज आदि की स्क्रीनिंग सहित गंभरी रोगियों के लिए रैफरल सेवाएँ निःशुल्क उपलब्ध रहेगी। शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर में 1 चिकित्सक, 2 स्टाफ नर्स, 1 फार्मासिस्ट, 1 एएनएम, 1 सपोर्ट स्टाफ व 1 स्वीपर की सेवाएँ उपलब्ध रहेगी।

कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने लोकार्पण पट्टिका का अनावरण किया तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिर का फीता काटकर शुभारंभ कर अवलोकन किया।

इस अवसर पर तहसीलदार बाबूसिंह राजपुरोहित, आरसीएचओ डॉ. राजकुमार, बीसीएमओ डॉ. भजनलाल विश्नोई, डॉ. अभिमन्यु सिंह, डीपीएम चरणसिंह, पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष अम्बालाल व्यास, रवि सोलंकी, गजेन्द्र सिसोदिया, गणपतसिंह बगेडिया, पूर्व पार्षद हीरालाल देवासी, दिनेश बारोट, दिनेश महावर, नीतू कंवर, डिम्पल सिंह, दिलीप माली, ज्योतिबा फूल मंच के प्रदेश सचिव नाथू सोलंकी सहित शहरवासी उपस्थित रहे।

# परम्परागत रूप से रोपणी की रस्म निभाई

**जालोर**, (निसं)। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी होली पर्व से 1 माह पूर्व जालोर शहर के होलिका दहन स्थल पर रोपणी का डंडा रोपा गया। रंगों के महापर्व होली की तैयारियां शुरू हो गई हैं।

जालौर में बुधवार को परंपरा के अनुसार माघ पूर्णिमा के अवसर पर भक्त प्रहलाद चौक पर विधिवत पूजा-अर्चना के साथ रोपणी की रस्म अदा की गई। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पटवारी संजय कुमार और भक्त प्रह्लाद सेवा समिति ने होली का डांडा रोपा।

इस अवसर पर सूरजपोल स्थित पटवार भवन से ढोल-नगाडों के साथ भव्य जुलूस निकाला गया, जो गांधी चौक, सदर बाजार, घांचीयों की पिलानी और बडी पोल होते हुए भक्त प्रह्लाद चौक पहुंचा।

यहां श्रद्धालुओं ने श्रद्धा और उत्साह के साथ पूजा - अर्चना की। डांडा रोपण के साथ ही फागोत्सव की औपचारिक शुरुआत हो गई। अब एक महीने तक मंदिरों और गांवों में होली गीतों की गूंज सुनाई देगी। धार्मिक आयोजनों के साथ-साथ गेर नृत्य और पारंपरिक उत्सवों का सिलसिला भी जारी रहेगा।

पटवारी संजय कुमार मीणा ने बताया कि यह जालोर शहर में भक्त प्रह्लाद चौक में बुधवार को 8 बजे होली का डांडा रोपा गया। और डांडा भक्त प्रहलाद का प्रतीक माना जाता है, जिसे होलिका दहन के दौरान सुरक्षित निकाल लिया जाता है।

परंपरा के अनुसार, यह डांडा सेम के पौधे का होता है, जिसे गंगाजल से शुद्ध कर रोपण स्थल पर स्थापित किया जाता है। इसके चारों ओर लकड़ियां, उपले और जलने वाली सामग्री एकत्रित की जाती हैं, जो होलिका दहन के दिन प्रज्ज्वलित की जाएगी।

इस वर्ष होलिका दहन 13 मार्च 2025 को होगा, जिसके साथ ही रंगों का त्योहार धुलंडी भी धूमधाम से मनाया जाएगा। एक महीने तक चलने वाले इस उत्सव के दौरान मंदिरों में भजन-कीर्तन, धार्मिक अनुष्ठान और श्रद्धालुओं द्वारा ठाकुरजी के साथ फूलों व गुलाल की होली खेली जाएगी।



जालोर शहर के होलिका दहन स्थल पर रोपणी का डंडा रोपा। फोटो-राष्ट्रदूत

इस मौके पर पटवारी संजय कुमार मीणा, पंडित महेश चंद्र दवे, गांव चौधरी सादुल राम घांची, गमना राम माली, हीरा लाल घांची, मंगला राम सांखला, राजू घांची, राकेश सोलंकी, सुरेश कुमार घांची, मूल सिंह चारण, करण मीणा, अर्जुन विराश पटवारी लेटा, श्रवण कुमार ओड सहित शहरवासियों मौजूद रहे।

## अटल प्रगति पथ कार्य के लिए भूमि पूजन किया

**जालोर**, (कासं)। राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा सनातन संस्क्रति एवं धर्म के कार्य प्राथमिकता से हो रहे हैं। इसी कडी में जालोर जिले के उम्मेदाबाद ग्राम में धोरा ढाणी से सिलेश्वर महादेव मठ वाया आदर्श विद्या मंदिर उम्मेदाबाद तक अनुमानित 4 करोड़ 50 लाख की राशि से अटल प्रगति पथ के निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया है।

उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार द्वारा काशी विश्वनाथ, उज्जैन महाकाल, अयोध्या सहित विभिन्न तीर्थ स्थलों का सौन्दर्यकरण व विकास कार्य करवाया जा रहा है।

मुख्य सचेतक ने बताया कि 24 फीट चौड़ी एवं 2.5 किमी लम्बाई में गुणवत्तापूर्व सीसी सड़क निर्माण अनुमानित 4 करोड़ 50 लाख की राशि से किया जाएगा जिसमें सड़क के दोनों ओर नाली निर्माण व ब्लॉक फीटिंग का कार्य होगा। उन्होंने कहा कि जालोर में सिरे मंदिर का निर्माण कार्य भी पूर्ण होने पर सिरे मंदिर व झरनेश्वर महादेव मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा मिल सकेगी। जिला प्रमुख राजेश कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि धोरा ढाणी से सिलेश्वर महादेव मंदिर उम्मेदाबाद तक सीसी सड़क निर्माण से सुगम आवागमन का लाभ मिलेगा। सिलेश्वर मठ के महंत आशा भारती महाराज के पावन सानिध्य में आयोजित भूमि पूजन कार्यक्रम में जिला प्रमुख राजेश कुमार, उप जिला प्रमुख पेपी देवी, सायला प्रधान ढोमीदेवी, दीपसिंह धनानी, सरपंच सुश्री आशा कुमार सरगरा, उत्तम गर्ग, पुखराज विराणा, गणपतसिंह बगेडिया उपस्थित रहे।

# राज्य के कलाकारों को रोजगार व पेंशन देने की मांग




राजस्थान संगीत नाटक अकादमी के पूर्व अध्यक्ष रमेश बोराणा ने कलाकारों को पर्याप्त पेंशन प्रदान करने का प्रावधान आगामी बज़ट में करने की राज्य सरकार से मांग की।

**जोधपुर**, (कासं)। राजस्थान संगीत नाटक अकादमी के पूर्व अध्यक्ष रमेश बोराणा ने कहा है कि राजस्थान की सभी विधाओं के कलाकारों को जीवन यापन करने के लिए नियमित रोजगार के साथ वृद्ध व निराश्रित होने पर पर्याप्त पेंशन प्रदान करने का प्रावधान आगामी बज़ट में करना चाहिए

प्रदेश के वरिष्ठ कलाविद पूर्व राज्यमंत्री व राजस्थान संगीत नाटक अकादमी के पूर्व अध्यक्ष रमेश बोराणा ने राज्य सरकार से मांग की है कि राज्य के संगीत, नृत्य, नाटक, लोक कलाओं सहित अन्य ललित कलाओं से जुड़े कलाकारों को संबल प्रदान करने की मंशा से पूर्ववर्ती गहलोत सरकार द्वारा सौ करोड़ रुपयों के प्रावधान से प्रारंभ की गई वर्ष में सौ दिन रोजगार गारंटी योजना जिसे वर्तमान सरकार ने ठंडे बस्ते में डाल दिया है उसे अविलंब प्रारंभ किया जाना चाहिए।

बोराणा ने भजन लाल सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि विगत 15 महीनों से राज्य की कला संस्कृति संवर्द्धन के सभी जिम्मेदार संस्थान व अकादमियें बंद पड़ी है और वे कोई रचनात्मक आयोजन नहीं कर पायी है साथ ही सरकार की निष्क्रियता से प्रदेश के कला साहित्यकारों का पूरा बजट लैप्स हो गया है जबकि विगत सरकार में इन्ही अकादमियों ने बढ़ चढ़ के कला- साहित्यिक प्रवृत्तियों के रिकार्ड आयोजन किए थे जिसकी देश दुनियां में प्रसिद्धि हुई थी

बोराणा ने राज्य सरकार से माँग करते हुए कहा कि राज्य के कलाकारों व साहित्यकारों का भविष्य सुरक्षित करने एवम राज्य की रचनात्मक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के ध्येय से आगामी बजट में प्रभावी धन राशि का प्रावधान किया जाना अति आवश्यक है।

साथ ही सरकारी नौकरियों में कलाकर व साहित्यकारों के लिए कोटा निर्धारित किया जाना चाहिए

बोराणा ने राज्य सरकार से आग्रह किया है कि मेले और उत्सव हमारी सांस्कृतिक विरासत की महत्वपूर्ण थाती है, जिन्हें बदलते समय व बढ़ती जनसंख्या के अनुरूप विकसित तथा सुदृढ़ करना आवश्यक है जिससे श्रद्धालुओं व मेलार्थियों को प्रभावी सुविधा मिल सके

उन्होंने कहा कि भविष्य के विस्तार को देखते हुए मेला स्थलों का मास्टर प्लान भी बनाने हेतु बजट प्रावधान किया जाना चाहिये।

## शिव जयंती महोत्सव शुरू

**पोकरण**, (निसं)। पोकरण शहर में बुधवार शाम को तपस्या धाम, ब्रह्माकुमारी कि ओर से शिव जयंती महोत्सव कि अध्यक्षता एवं मुख्य वक्ता जालौर संभाग प्रभारी राजयोगिनी बीके रंजू दीदी, मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष मनीष पुरोहित, तथा विशिष्ट अतिथि भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष जुगल किशोर व्यास एवं नगर पूर्व अध्यक्ष आनंदीलाल गुचिया के उपस्थिति में दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

रंजू दीदी ने शिवरात्रि के आध्यात्मिक रहस्य बताएं शिवरात्रि, व शिव जयंती का अर्थ है निराकार, ज्योति बिंदु परमपिता शिव परमात्मा कलयुगी घोर अज्ञान अंधकार रात्रि में इस धरती पर अवतरित होकर एक महान आध्यात्मिक ंति की रणभेरी बजा रहे हैं। मातृशक्ति को इस क्रांति का अग्रदूत बनाया है। उसे शिव शक्ति का नाम प्रदान किया। ज्ञान सूर्य शिव भगवान सभी को सत्य गीता ज्ञान, आत्मज्ञान परमात्मा की सत्य पहचान देकर, सहज राज योग सिखा कर सत्य सनातन धर्म, राम राज्य की स्थापना कर रहे हैं। जिससे हर मानव अपनी मन से खुशी खुशी से नशा मुक्त होकर बुराइयां को छोड रहे हैं। पोकरण केंद्र की संचालिका रिंकू बहन सभी का स्वागत किया। कुमारी हिमांशी ने मेहमानों का नृत्य द्वारा स्वागत किया।

सिणधरी से रूबी बहन, पादरू के बीके एकता बहन चांदराई के बीके ज्योति, पोकरण बीके पुष्पा बहन ने भाग लिया। कार्य म में यह रहे उपस्थित, लूणकरणचाण्डक, ओम प्रकाश पालीवाल, दिनेश छिपा, सनातन भाई कैलाश भाई, हरिकिशन भाई, नारायण भाई, रमन भाई, एवं शांति माता भंवरी माता, सावित्री माता, जयश्री बहन, संगीता बहन, पूनम बहन, शिप्रा बहन सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## दर्शनार्थियों का स्वागत किया

**सायला**, (निसं)। सायला के निकटवर्ती लुंबा की ढाणी से करीब ८० व्यक्तियों के संघ द्वारा महाकुंभ प्रयागराज की यात्रा पूर्ण कर सकुशल घर लौटने पर ग्रामीणों द्वारा ढोल ढमाकों के साथ स्वागत किया गया।

जानकारी के अनुसार महंत गुलाबराम महाराज के नेतृत्व में लसाराम, तिलोकाराम, दीपाराम, जेताराम, मगाराम, सांवलाराम, निम्बाराम, दरगाराम, रूगनाथराम, मानिंगाराम, वालाराम भुंडवा, तेजाराम, जेताराम सहित करीब ८० व्यक्तियों का संघ गत 5 फरवरी को लुंबा की ढाणी से रवाना होकर प्रयागराज कुंभ शामिल हुआ था। जहां अमृत स्नान कर अयोध्या, वाराणसी, चित्रकूट, आगरा, झांसी में पीतांबरा देवी, गौकुल, मथुरा, वृंदावन, मेंहदीपुर बालाजी, पुष्कर से दर्शन कर सात दिन की यात्रा पूर्ण कर घर पहुंचे। दर्शनार्थियों का ग्रामीणों की ओर से साफा व माला पहनाकर स्वागत किया। राजाराम मंदिर आश्रम लुंबा की ढाणी में यात्रियों के परिजनों ने भव्य भोजन प्रसादी का आयोजन किया। वही रात्री में भजनों का आयोजन भी किया।

इस दौरान हडमताराम, अकाराम, दुदाराम, लादाराम, हरचंदराम, जगाराम करड, नारनाराम, आशाराम, नगाराम, अजबाराम, धुखाराम, चेलाराम, गेबाराम भोलानी, गुलाबसिह सहित कई लोग मौजूद थे।

# जलग्रहण यात्रा चौरा में, कलश यात्रा निकाली

**जालोर**, (कासं)। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-2.0 वाटरशेड विकास घटक के तहत जालोर जिले की ग्राम पंचायत चौरा में जलग्रहण यात्रा अभियान का आगमन होने पर लगभग 300 छात्राओं व महिलाओं ने कलश यात्रा के साथ स्वागत किया।

मुख्य अतिथि वाटरशेड सेल कम डाटा सेंटर जालोर के अधीक्षण अभियंता लक्ष्मणसिंह सांदू ने जल व भू-संरक्षण के प्रति आमजन में जनजागरूकता बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया।

एक दिवस पूर्व ग्राम पंचायत चौरा व हरियाली के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों में पोस्टर व निबंध प्रतियोगिता आयोजन रखा गया जिसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरण करने के साथ ही जलग्रहण, जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाले स्थानीय लोगों को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

समारोह में मुख्य अतिथि ने 15 टांकों का लोकार्पण एवं 6 टांकों का शिलान्यास किया गया। वही छात्र-छात्राओं द्वारा जन जागरूकता रैली एवं वाटरशेड वैन का ग्राम पंचायत क्षेत्र में भ्रमण करवाकर लोगों को जल संग्रहण, जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षणस के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम समापन पर चारागाह में ग्रामीणों की ओर से जलग्रहण यात्रा की टी-शर्ट पहनकर 50 पौधों का रोपण करने के साथ ही पूर्व में लगाए गए 2000 पौधों की निराई व गुडाई का कार्य किया गया।

कार्यक्रम स्थल में सेल्फी पॉइन्ट पर सेल्टी लेने के लिए लोगों में उत्साह दिखाई दिया। पंचायत समिति चितलवाना के सहायक अभियंता अंकित कुमार ने बताया कि जलग्रहण यात्रा 14 फरवरी को डूंगरी पहुंचेगी।

## ध्यान साधना कार्यक्रम हुआ

**जालोर**, (कासं)। भारत विकास परिषद्, जालोर एवं जीवन आनंद योगा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार माघ पूर्णिमा की रात्रि को शहर के स्टेशन रोड स्थित नेहरू उद्यान में एक ध्यान साधना कार्यक्रम का आयोजन परिषद् के प्रांतीय उपाध्यक्ष पदमाराम चौधरी के आतिथ्य एवं जीवन आनंद योगा फाऊंडेशन एवम् परिषद् शाखाध्यक्ष व योग प्रशिक्षक राजेन्द्र भूतड़ा के निर्देशन में हुआ।

चंद्रमा की शीतल धवल चांदनी में रात्रि करीब 8-15 बजे सर्वप्रथम चन्द्रमा को सामूहिक रूप से जल का अर्ध्य देते हुए मंत्र के साथ साधकों ने मेडिटेशन योग का शुभारंभ किया। इस मौके पर महेन्द्र आनंद वैष्णव, कमल किशोर भूतड़ा, राजेन्द्र सिंह काबावत, पुखराज सिंह, धर्मेद्र पटवा, ललित दवे, शान्तु मुथा, मनीष चौधरी, निलेश, श्यामा भूतङा, श्रेया माहेश्वरी, शिखा भूतङा, सरला गट्टानी, वंदना भूतङा, इन्दु दवे, सपना भंडारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

# महाकवि माघ का शिशुपाल वध काव्य लोगों तक पहुंचाएं : गर्ग

**भीनमाल**, (निसं)। राजस्थान संस्कृत अकादमी जयपुर, महाकवि माघ विकास संस्थान भीनमाल, स्थानीय प्रशासन, नगर पालिका एवं नगरवासियों के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय माघ महोत्सव का समापन बुधवार की रात्रि में सांस्कृतिक संध्या एवं कवि सम्मेलन के साथ हुआ।

मीडिया प्रभारी माणकमल भंडारी ने बताया कि स्थानीय विकास भवन में आयोजित रा य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग एवं अकादमी की निदेशक डॉ. लता श्रीमाली, पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद यादव, पूर्व विधायक नारायणसिंह देवल, कार्यवाहक उप खंड अधिकारी नीरज कुमारी व भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज पुरोहित ने सांस्कृतिक संध्या व कवि सम्मेलन का आगाज दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। सांस्कृतिक संध्या के आगाज पर समारोह के मुख्य अतिथि जालोर विधायक व मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि संस्कृत में संवाद कोई रूढिवादिता का प्रतीक नहीं है। आधुनिक युग में भी संस्कृत भाषा फल-फूल रही है। गर्ग ने कहा कि भारत में ऐसा गांव भी है, जहां के ग्रामीण संस्कृत भाषा बोलते हैं। मुख्य सचेतक




भीनमाल में माघ महोत्सव का समापन सांस्कृतिक संध्या एवं कवि सम्मेलन के साथ हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

गर्ग ने महाकवि माघ के शिशुपाल वध काव्य को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की। डॉ. लता श्रीमाली ने माघ महोत्सव को हर बार भव्य से भव्य बनाने की आमजन से अपील की। कार्यक्रम समन्वयक जबराराम भाटी ने बताया कि बालक-बालिकाओं द्वारा एक से बढकर एक सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई व पूरे समारोह में छात्र छात्राओं का योगदान बहुत ही सराहनीय रहा। इस दौरान स्थानीय मां भारती की वंदना कर वीर रस में काव्य पाठ किया। काव्य पाठ करने वालों में प्रतिभा भोजक, हनुमान दवे, दिनेश जालोरी व कई बाल कवि शामिल रहे। अतिथियों, भामाशाहों, कार्यकर्ताओं, प्रतिभागियों, रक्तदान शिविर में रक्तदान करने वाले सभी रक्तवीरों सहित निबंध, रंगोली एवं मेहंदी प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त करने वालो को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।